**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 26 अगस्त 2026, समय 13:05 (5 मिनट)**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज पंचकूला के इंद्रधनुष सभागार में राष्ट्रमंडल खेल 2026 के पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर रहे हैं। राज्य सरकार की खेल नीति के तहत इन खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार दिए जा रहे हैं। समारोह में कुल 11 पदक विजेता खिलाड़ियों को 11 करोड़ 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जा रही है।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किए जाने के अवसर पर प्रदेश में उत्सव का माहौल है।

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, पंचकूला के महापौर श्यामलाल बंसल, राज्य सभा सदस्य रेखा शर्मा, पंचकूला के उपायुक्त सतपाल शर्मा, खेल विभाग की प्रधान सचिव अमनीत पी कुमार और अन्य खेल अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद हैं।

**************************************************************************

आज पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक बैठक हो रही है।

इस बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत करने, सेवा संकल्प अभियान को प्रभावी ढंग से बूथ स्तर तक पहुंचाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों पर मंथन किया जा रहा है।बैठक में प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री डा. सतीश पूनिया, राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय महामंत्री संजय भाटिया, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा सहित प्रदेश के सभी 27 संगठनात्मक जिलों के जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी एवं प्रदेश पदाधिकारी मौजूद हैं।

****************************************************************
***********

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में उन सभी पुराने जल घरों के आधार को सीमेंट व कंक्रीट से बनाया जाए जहां भूमिगत जल से मिलकर पानी की शुद्धता प्रभावित हो रही है। इसके अलावा जहां-जहां संभव हो, वहां ट्यूबवेल आधारित जल घर को प्राथमिकता के आधार पर नहरी पानी आधारित बनाया जाए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश कल जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ प्रदेश में जलघरों व पेयजल आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा भी मौजूद थे।

466 वाटर वर्क्स को सीमेंट व कंक्रीट जल घरों में बदला जा रहा है। इस कार्य पर लगभग 1000 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

****************************************************************
***********

ई-श्रम पोर्टल को आज पांच वर्ष पूरे हो गए हैं। यह भारत के असंगठित कार्यबल के लिए सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने 2021 में इस पोर्टल को शुरू किया था। इसके माध्यम से देश का पहला आधार-आधारित राष्ट्रीय असंगठित श्रमिक डेटाबेस तैयार किया गया है।

******************************************************************************

चरखी दादरी से विधायक सुनील सांगवान ने आज पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी बंसीलाल की जयंती पर भिवानी जिले के गांव गोलागढ़ में उनकी समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि चौ. बंसीलाल की विकासवादी सोच तथा उनके पिता पूर्व मंत्री स्व. सतपाल सांगवान के पदचिह्नों पर चलते हुए उनका संकल्प है कि दादरी हलके के हर रुके हुए विकास कार्य को पूरा कर क्षेत्र को विकास की नई दिशा दी जाए। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों पर साथियों के साथ सार्थक चर्चा हुई। विधायक ने कहा कि दादरी का विकास ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

******************************************************************************